दिन–शुक्रवार दिनांक– 19/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भर्ती करते समय लोक सेवा आयोगों को ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। राष्ट्रपति ने हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुये राष्ट्रीय और राज्य आयोगों से उभरती चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा। सम्मेलन में चौबीस राज्य के लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष भी शामिल हों रहे हैं।

————————————————————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही उन्नीस दिन का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पहले लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया और उसके बाद राज्यसभा को स्थगित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन की कार्यवाही लगभग एक सौ ग्यारह प्रतिशत रही। जिसमें कुल पन्द्रह बैठक हुईं। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया।

————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन तेईस दिसंबर को पहली बार पटना पहुंचेंगे। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज इसकी जानकारी दी। श्री सरावगी ने ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता लंबे समय से उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे, जो अब समाप्त होने जा रही है। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन के आगमन पर रोड शो किया जायेगा जो पटना एयरपोर्ट से शुरू होकर शेखपुरा हाउस, राजवंशी नगर हनुमान मंदिर और उच्च न्यायालय होते हुये मिलर हाई स्कूल मैदान पहुंचेगा।

————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। आज सुबह से पटना, समस्तीपुर, जहानाबाद, खगड़िया, सहरसा, दरभंगा, पूर्णिया और किशनगंज समेत कई जिलों में घना कुहासा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तीस

से अधिक जिलों में घना कुहासा छाया रहेगा। वहीं, इक्कीस से बाईस दिसम्बर को प्रदेश के अधिकांश भागों में मध्यम से घना कुहासा छाये रहने की सम्भावना है। इधर, घने कोहरे के कारण हवाई और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। पटना हवाई अड्डे से कल दस विमानों को रद्द कर दिया गया। वहीं, कई विमान देरी से उड़े या पहुंचे। लंबी दूरी की कई ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। रेलवे के अनुसार लगभग साठ ट्रेने पाँच घंटे विलम्ब से चल रही हैं। यात्रियों को यात्रा से पहले जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

————————————————————————

इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के सभी निजी और सरकारी विद्यालय समेत प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में पठन–पाठन का कार्य सुबह नौ बजे के बाद शुरू होकर अपराह्न साढ़े चार बजे तक ही चलेगा।

————————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर में आज से तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शाम महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम के पहले दिन आज जाने–माने गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे।

————————————————————————

ग्रामीण भारत महोत्सव– बिहार का दूसरा चरण आज से पटना के गांधी मैदान में शुरू हो रहा है। इसका आयोजन नाबार्ड के सहयोग से किया जा रहा है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी आज शाम इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। दस दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी सह बिक्री मेले में देशभर के कारीगर और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। यह प्रदर्शनी अट्ठाईस दिसम्बर तक चलेगी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।